पंजाब केसरी 23/08/2024

कालेज के हर्बल गार्डन में किया पौधारोपण

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में पौधारोपण अभियान चलाते एन.एस.एस. इकाइयों और इको क्लब के सदस्य। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 22 अगस्त (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में एन.एस.एस. इकाइयों और इको क्लब द्वारा हर्बल गार्डन में पौधारोपण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और पौधों के महत्व के बारे में जागरुकता फैलाना था।

कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने पौधारोपण अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि पौधारोपण हमारे पर्यावरण के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए पौधे लगाने चाहिए। इको क्लब के इंचार्ज डा. कुलदीप यादव ने पौधों के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

एन.एस.एस. के प्रोग्राम ऑफिसर डा. धर्मवीर सैनी और डा. अनीश कुमार ने पौधों के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। डा. अम्मिता, डा. मीनू राठी और डा. ऋतु गुप्ता ने भी इस अभियान में भाग लिया।